**छत्तीसगढ़ शासन**
**वित्त विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर**

क्र. eComp 79433/36/1217/2025, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 03.12.2025
प्रति,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर

विषयः- वर्ष 2026-27 के लिए **ग्रीन बजट** के प्रस्ताव प्रेषित करने तथा **जेंडर बजट** के प्रस्ताव संशोधित प्रपत्र अनुसार उपलब्ध कराने के संबंध में।

----00----

विषयांतर्गत बजट वर्ष 2026-27 में संलग्न दिशा-निर्देश के अनुसार ग्रीन बजट से संबंधित अनुमानित राशि का संकलन किया जाना है। अतः ग्रीन बजट पुस्तिका के प्रकाशन हेतु योजनाओं को चिह्नित करते हुए कृपया निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्रेषित करने का कष्ट करें।

2/ वर्तमान में जेंडर बजट के अंतर्गत 100% महिला केंद्रित व 30% से अधिक महिलाओं की भागीदारी वाली योजनाएं शामिल की जाती है। इसमें एक अतिरिक्त श्रेणी के रूप में 30% से कम भागीदारी वाली योजनाओं को भी सम्मिलित किया जाना है। इस हेतु निर्धारित संशोधित प्रारूप संलग्न है।

3/ कृपया ग्रीन बजट एवं जेंडर बजट के प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्रों में शीघ्र भेजे जाने का अनुरोध है।
संलग्नः-उपरोक्तानुसार

Digitally signed by
RISHABH KUMAR PARASHAR
Date: 05-12-2025 15:46:42

**(ऋषभ पाराशर)**
**उप सचिव**
**वित्त विभाग**

पृ.क्र. eComp 79433/36/1217/2025, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 03.12.2025

**प्रतिलिपि:-**

1. समस्त बजट नियंत्रक अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. विशेष सचिव, वित्त के निज सहायक को सूचनार्थ।
3. अपर सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव, वित्त विभाग को सूचनार्थ।
4. अवर सचिव/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, वित्त विभाग को सूचनार्थ।
5. प्रोग्रामर, वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, वित्त विभाग।

Digitally signed by
CHANDRA PRAKASH PANDEY
Date: 05-12-2025 15:56:27

**अवर सचिव**
**वित्त विभाग**

## ग्रीन बजट (हरित बजट) तैयार किये जाने हेतु आवश्यक बिंदु

छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा, शासन के वार्षिक बजट में प्रावधानित राशि से ग्रीन बजट हेतु अनुमानित राशि के संकलन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश:-

1. सर्वप्रथम स्तंभ-2 में अपने विभाग का नाम दर्ज करें।
2. स्तंभ-3, में विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं का नाम दर्ज करें, एक पंक्ति (ROW) में केवल एक योजना का नाम दर्ज करें।
3. स्तंभ-4 में योजना का कोड दर्ज करें (योजना का कोड बजट पुस्तिका में दर्शित कोड के अनुसार ही दर्ज करें।
4. स्तंभ-5 में योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 का बजट अनुमान दर्ज करें।
5. स्तंभ-6 में योजना हेतु वर्ष 2026-27 में प्रावधान योग्य राशि से हरित बजट अनुमान हेतु राशि दर्ज करें।
6. स्तंभ-7 में योजना अंतर्गत प्राप्त राशि हेतु बजट शीर्ष अंकित करें।
7. स्तंभ-8 में योजना के क्रियान्वयन से जिस सतत विकास लक्ष्य (SDG) की प्राप्ति हो रही है, उसका उल्लेख करे, एक योजना में एक से अधिक SDG लक्ष्य प्राप्त किये जा रहे है तो सभी SDG लक्ष्य एक के बाद के अल्प विराम लगाते हुए अंकित किया जावे।
8. स्तंभ-9 में हरित बजट के निर्माण हेतु योजना के संबंध में Thematic Area का नंबर दर्ज करें। एक योजना में एक से अधिक Thematic Area होने की स्थिति में, ऐसे सभी Thematic Area के नंबर एक के बाद के अल्प विराम लगते हुए अंकित किया जावे। Thematic Area की सूची तालिका में दर्शित है:-

***हरित बजट में शामिल होने हेतु पात्र गतिविधियों Thematic Area की सूची***

| | |
|---|---|
| *1* | *Natural resource management – प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन* |
| *2* | *Green Investment and infrastructure – हरित निवेश एवं अवसंरचना* |
| *3* | *Climate change mitigation/adaptation – जलवायु परिवर्तन शमन/अनुकूलन* |
| *4* | *Air/water pollution abatement – वायु/जल प्रदूषण नियंत्रण* |
| *5* | *Sanitation and Waste management & circular economy – स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन एवं परिपत्र अर्थव्यवस्था* |
| *6* | *Sustainable land use and planning – सतत भूमि उपयोग एवं नियोजन* |
| *7* | *Biodiversity and ecological and conservation– जैव विविधता, पारिस्थितिकी एवं संरक्षण* |

9. स्तंभ-10 में हरित बजट के निर्माण हेतु योजना अंतर्गत Activity(गतिविधि) का नंबर दर्ज करें। एक योजना में एक से अधिक Activity(गतिविधि) होने की स्थिति में तो ऐसे सभी Activity(गतिविधि) के नंबर एक के बाद के अल्प विराम लगते हुए अंकित किया जावे। गतिविधियों की सूची तालिका में दर्शित है:-

***हरित बजट में शामिल होने हेतु पात्र उप गतिविधियों की सूची***

| | |
|---|---|
| 1 | Research and Development – अनुसंधान और विकास |
| 2 | Program Implementation – कार्यक्रम क्रियान्वयन |
| 3 | Subsidies – सब्सिडी / अनुदान |
| 4 | Training And Capacity Building – प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण |
| 5 | Investment – निवेश |
| 6 | Education And Awareness – शिक्षा एवं जागरूकता |
| 7 | Regulation and Enforcement – विनियमन एवं प्रवर्तन |

10.स्तंभ-11 में योजना को हरित बजट में शामिल किये जाने हेतु स्पष्ट कारण 100 शब्दों में लिखें।

## ग्रीन बजट हेतु जानकारी का प्रारूप

(राशि हजार में )

| क्रमांक | विभाग का नाम | योजना का नाम | योजना कोड | योजना हेतु बजट प्रावधान | योजना के बजट में से हरित बजट अनुमान | योजनान्तर्गत प्राप्त राशि हेतु लेखा शीर्ष अंकित करें | सतत विकास लक्ष्य का क्रमांक (SDG No.) | हरित बजट में शामिल होने पात्र Thematic Area का उल्लेख करें (Thematic Area SOP में उल्लेखित शर्त अनुसार भरें) | हरित बजट में शामिल होने पात्र गतिविधि (Activity) चुनें | योजना को हरित बजट में शामिल करने का कारण (अधिकतम 100 शब्दों में ) में लिखें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |

**महिला बजट हेतु जानकारी का प्रारूप**

**विभाग का नाम**

**विभागाध्यक्ष का नाम**

**भाग अ:** ऐसी योजनाएं जिसमें महिलाओं की भागीदारी 100% है।

(राशि हजार में)

| क्र. | योजना का नाम | योजना कोड | योजना हेतु बजट प्रावधान | योजना अंतर्गत महिला घटक हेतु प्रावधान | योजना अंतर्गत कुल लाभान्वित | योजना अंतर्गत कुल लाभान्वित महिलायें | (केंद्र प्रवर्तित/केन्द्रीय क्षेत्रीय/राज्य योजना) | योजना क्रियान्वयन की नोडल इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**भाग ब:** ऐसी योजनाएं जिसमें 30% अथवा अधिक महिलाओं की भागीदारी है।

| क्र. | योजना का नाम | योजना कोड | योजना हेतु बजट प्रावधान | योजना अंतर्गत महिला घटक हेतु प्रावधान | योजना अंतर्गत कुल लाभान्वित | योजना अंतर्गत कुल लाभान्वित महिलायें | (केंद्र प्रवर्तित/केन्द्रीय क्षेत्रीय/राज्य योजना) | योजना क्रियान्वयन की नोडल इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**भाग स:** ऐसी योजनाएं जिसमें 30% से कम महिलाओं की भागीदारी है।

| क्र. | योजना का नाम | योजना कोड | योजना हेतु बजट प्रावधान | योजना अंतर्गत महिला घटक हेतु प्रावधान | योजना अंतर्गत कुल लाभान्वित | योजना अंतर्गत कुल लाभान्वित महिलायें | (केंद्र प्रवर्तित/केन्द्रीय क्षेत्रीय/राज्य योजना) | योजना क्रियान्वयन की नोडल इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |